# Daily Current Affairs

Date : 13 December, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान का 5वाँ रामसर स्थल: सिलीसेढ़ झील (अलवर) |
| 2. | राजस्थान जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अध्यादेश-2025 (गजट नोटिफिकेशन जारी) |
| 3. | नवाचार दिवस-स्टार्टअप्स कॉन्क्लेव |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. BBSSL की सदस्यता में राजस्थान देश में शीर्ष पर<br>2. राजीविका का 'मिशन समृद्ध दीदी' अभियान<br>3. रोहिणी भाजीभाकरे: राजस्थान की 'विशेष मतदाता सूची पर्यवेक्षक (SRO)'<br>4. 'नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' विकास रथ<br>5. IPS बीजू जॉर्ज जोसेफ<br>6. सेंटर फॉर इलेक्ट्रॉनिक गवर्नेंस (CEG)<br>7. कार्य दिवस बढ़ाने वाला देश का पहला हाईकोर्ट: राजस्थान उच्च न्यायालय |
| 5. | भारत में परमाणु ऊर्जा उत्पादन |
| 6. | प्रोजेक्ट सनकैचर |
| 7. | ट्रम्प गोल्ड कार्ड |
| 8. | भारत - इटली व्यापार मंच, 2025 |
| 9. | भारत का पहला हाइड्रोजन फ्यूल सेल यात्री पोत |
| 10. | इसरो: भारी अमेरिकी वाणिज्यिक उपग्रह ब्लू बर्ड-6 का प्रक्षेपण |
| 11. | नार्को टेस्ट: उच्चतम न्यायालय |
| 12. | विश्व असमानता रिपोर्ट, 2026 (WIR) |
| 13. | टर्नर पुरस्कार, 2025 |
| 18. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. इटली की कुजिन: अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर घोषित<br>2. शिवराज पाटिल : निधन<br>3. "सागरा प्राण तलमलला" रचना |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान का 5वाँ रामसर स्थल : सिलीसेढ़ झील (अलवर)

### चर्चा में क्यों?

- **अलवर जिले में स्थित सिलीसेढ़ झील को हाल ही में राजस्थान के 5वें और भारत के 96वें रामसर स्थल के रूप में घोषित किया गया।**



### मुख्य बिन्दु:

- **ज्ञातव्य है कि 23 से 31 जुलाई, 2025 तक जिम्बाब्वे के विक्टोरिया फॉल्स में आयोजित रामसर आर्द्रभूमि कन्वेंशन (COP-15) के दौरान केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सिलीसेढ़ झील को रामसर साइट घोषित किए जाने का प्रस्ताव रखा था।**
- **सिलीसेढ़ झील के अलावा बिलासपुर (छत्तीसगढ़) के कोपरा जलाशय को भी रामसर स्थल के रूप में शामिल किया गया है, इसके साथ ही भारत में रामसर स्थलों की संख्या 96 हो गई है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### सिलीसेढ़ झील के बारे में :

- **अवस्थिति :** अरावली पर्वत श्रृंखला में सरिस्का टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में।
- **निर्माण :** वर्ष 1845 में अलवर महाराजा विनय सिंह द्वारा रूपारेल नदी की सहायक नदी पर एक बाँध बनाकर।
- **अन्य नाम :** राजस्थान का नंदन-कानन।

### राजस्थान में स्थित रामसर स्थल :-

| क्रम | रामसर साइट | घोषणा का वर्ष | शामिल जिले |
|---|---|---|---|
| 1. | केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान | 1981 | भरतपुर |
| 2. | सांभर झील | 1990 | जयपुर, नागौर, अजमेर |
| 3. | खीचन वेटलैंड | 2025 | फलौदी |
| 4. | मेनार वेटलैंड कॉम्प्लेक्स | 2025 | उदयपुर |
| 5. | सिलीसेढ़ झील | 2025 | अलवर |

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- 'आर्द्रभूमि पर रामसर कन्वेंशन' 2 फरवरी, 1971 को अपनाई गई एक अंतर-सरकारी संधि है। यह 21 दिसम्बर, 1975 को लागू हुई। यह संधि सतत् विकास के लिए आर्द्रभूमि और उसके संसाधनों के संरक्षण और उपयोग के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है। यह एकमात्र संधि है, जो एकल पारिस्थितिकी तंत्र पर केंद्रित है।
- भारत 1 फरवरी, 1982 को रामसर कन्वेंशन का सदस्य देश बना।
- विश्व आर्द्रभूमि दिवस प्रतिवर्ष 2 फरवरी को मनाया जाता है।
- **आर्द्रभूमि (वेटलैंड्स) :** आर्द्रभूमि एक ऐसा भू-भाग होता है जहाँ के पारितंत्र का बड़ा हिस्सा स्थायी या अस्थायी रूप से जल से आप्लावित रहता है अर्थात ऐसा भू-भाग जो पूरे वर्ष या किसी विशेष अवधि के दौरान जल से संतृप्त रहता है।
- ये क्षेत्र जैव-विविधता की दृष्टि से संपन्न और अत्यंत संवेदनशील होते हैं। भारत में आर्द्रभूमि को मैंग्रोव, नदी डेल्टा, झील और बाढ़ के मैदान सहित कुल 19 वर्गों में विभाजित किया गया है।
- वर्ष 2016 में पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) द्वारा आर्द्रभूमि (वेटलैंड्स) में विभिन्न गतिविधियों को विनियमित करने के लिए 'वेटलैंड (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017' अधिसूचित किए गए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अध्यादेश-2025 (गजट नोटिफिकेशन जारी)

## चर्चा में क्यों?

- 12 दिसंबर, 2025 को राज्य सरकार द्वारा 'राजस्थान जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अध्यादेश-2025' का गजट नोटिफिकेशन जारी किया गया।

## मुख्य बिन्दु:

- **अध्यादेश का अनुमोदन :** 3 दिसंबर, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में।
- **अध्यादेश का उद्देश्य :** इस अध्यादेश के माध्यम से 11 विभिन्न अधिनियमों में मामूली उल्लंघन या तकनीकी गलती के लिए कारावास जैसे आपराधिक दण्ड हटा कर केवल जुर्माने का प्रावधान किया गया है।
- राज्य सरकार का यह अध्यादेश भारत सरकार के 'जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम-2023' की तर्ज पर लाया गया है। इसके माध्यम से राज्य में 'ईज ऑफ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा मिलेगा।

**अध्यादेश के माध्यम से संशोधित होने वाले 11 विभिन्न अधिनियम:**

| क्रम | अधिनियम का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान वन अधिनियम-1953 |
| 2. | राजस्थान अभिधृति अधिनियम-1955 |
| 3. | राजस्थान नौचालन विनियमन अधिनियम-1956 |
| 4. | राजस्थान भाण्डागार अधिनियम-1958 |
| 5. | राजस्थान राज्य सहायता (उद्योग) अधिनियम-1961 |
| 6. | राजस्थान विद्युत (शुल्क) अधिनियम-1962 |
| 7. | राजस्थान साहूकार अधिनियम-1963 |
| 8. | राजस्थान गैर-सरकारी शैक्षिक संस्था अधिनियम-1989 |
| 9. | राजस्थान स्टाम्प अधिनियम-1998 |
| 10. | राजस्थान नगरपालिका अधिनियम-2009 |
| 11. | राजस्थान जल प्रदाय और मलवहन बोर्ड अधिनियम-2018 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# नवाचार दिवस-स्टार्टअप्स कॉन्क्लेव

## चर्चा में क्यों?

- 12 दिसंबर, 2025 को 'राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC)' जयपुर में राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'नवाचार दिवस-स्टार्टअप्स कॉन्क्लेव' का आयोजन किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजक :** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, राजस्थान।
- राजस्थान में 'आईस्टार्ट राजस्थान' के माध्यम से दिसंबर, 2025 तक 7200 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हो चुके हैं तथा ₹1000 करोड़ से अधिक का निवेश आया है।
- आईस्टार्ट पर पंजीकृत होने वाले स्टार्टअप में से 2600 से अधिक स्टार्टअप्स का नेतृत्व महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **लोकार्पण : मुख्यमंत्री द्वारा राजस्थान डिजिफेस्ट का टीजर एवं डिजिफेस्ट हैकाथॉन।**
- **फंडिंग : मुख्यमंत्री द्वारा 333 चयनित स्टार्टअप्स को ₹10.79 करोड़ की फंडिंग का चैक सौंपा गया।**
- **सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राज्य को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा 'एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स एण्ड एक्सटेंडेड रियलिटी (AVGC-XR) पॉलिसी – 2024' लॉन्च की गई है।**
- **सरकार द्वारा साइबर खतरों से बचाव हेतु 'साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब' की स्थापना की गई है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **BBSSL की सदस्यता में राजस्थान देश में शीर्ष पर**<br>■ भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (BBSSL) के सदस्यता अभियान के तहत् राजस्थान की 6120 सहकारी समितियों ने BBSSL की सदस्यता ग्रहण की है।<br>■ सदस्यता ग्रहण करने के मामले में राजस्थान देश में शीर्ष स्थान पर है।<br>■ इस क्रम में दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः गुजरात (5524 सहकारी समितियाँ) एवं महाराष्ट्र (4969 सहकारी समितियाँ) का स्थान है। |
| 2. | **राजीविका का 'मिशन समृद्ध दीदी' अभियान**<br>■ 12 दिसंबर, 2025 को राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) ने राज्य स्तर पर आगामी एक माह तक चलने वाले 'मिशन समृद्ध दीदी' अभियान का शुभारंभ किया।<br>■ **अभियान का उद्देश्य :** स्वयं सहायता समूह (SHGs) की महिलाओं को बैंक ऋण उपलब्ध कराना, महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करना। |
| 3. | **रोहिणी भाजीभाकरे : राजस्थान की 'विशेष मतदाता सूची पर्यवेक्षक (SRO)'**<br>■ हाल ही में, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रोहिणी भाजीभाकरे को राजस्थान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के अवलोकन हेतु 'विशेष मतदाता सूची पर्यवेक्षक' नियुक्त किया गया।<br>■ SROs का मुख्य कार्य संबंधित राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (CEOs) और जिला निर्वाचन अधिकारियों (DEOs) के साथ SIR की संपूर्ण प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी और सहभागितापूर्ण ढंग से पूरी करने के लिए अवलोकन करना है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **'नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' विकास रथ**<br>■ 12 दिसंबर, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर से 50 विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।<br>■ राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में 200 विकास रथों का संचालन किया जा रहा है।<br>■ इनके माध्यम से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राज्य सरकार की 2 वर्षों की उपलब्धियों, फ्लैगशिप योजनाओं, नीतिगत सुधारों की जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाएगी। |
| 5. | **IPS बीजू जॉर्ज जोसेफ**<br>■ हाल ही में, एयर मार्शल नागेश कपूर ने बीजू जॉर्ज जोसेफ (IPS) को ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान दिए गए उनके सतत्, सक्रिय एवं महत्त्वपूर्ण सहयोग के लिए सम्मानित किया। |
| 6. | **सेंटर फॉर इलेक्ट्रॉनिक गवर्नेंस (CEG)**<br>■ हाल ही में, राजस्थान तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा सेंटर फॉर इलेक्ट्रॉनिक गवर्नेंस (CEG) को आगामी पाँच वर्ष (2026-27 से 2030-31) के लिए राज्य में इंजीनियरिंग, डिप्लोमा, मैनेजमेंट और अन्य प्रोफेशनल प्रोग्राम की प्रवेश प्रक्रियाओं के लिए नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया।<br>■ **स्थापना :** वर्ष 2006 में तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा। |
| 7. | **कार्य दिवस बढ़ाने वाला देश का पहला हाईकोर्ट : राजस्थान उच्च न्यायालय**<br>■ भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पहल पर कार्य दिवस बढ़ाने वाला राजस्थान उच्च न्यायालय देश का पहला हाईकोर्ट बन गया है।<br>■ हाईकोर्ट में मुकदमों की संख्या कम करने के लिए प्रत्येक महीने के दो शनिवार को अदालती कार्य दिवस होगा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## भारत में परमाणु ऊर्जा उत्पादन

### चर्चा में क्यों?

- परमाणु ऊर्जा विभाग के अनुसार NPCIL ने वित्त वर्ष 2024-25 में पहली बार 50 अरब यूनिट बिजली उत्पादन का आँकड़ा पार कर लिया है।

### मुख्य बिन्दु:

**भारत में परमाणु ऊर्जा:**

- देश में वर्तमान में स्थापित परमाणु ऊर्जा लगभग 8.78 गीगावाट है, जो 24 परमाणु रिएक्टरों से संचालित होती है।
- जुलाई, 2025 तक, परमाणु ऊर्जा कुल बिजली उत्पादन में लगभग 3.1 प्रतिशत का योगदान दिया है।

**परमाणु ऊर्जा:**

- परमाणु ऊर्जा वह ऊर्जा है जो परमाणु प्रतिक्रियाओं के दौरान मुक्त होती है, जैसे विखण्डन अथवा संलयन।
- नाभिकीय विखण्डन में, यूरेनियम या प्लूटोनियम जैसे भारी परमाणु नाभिक हल्के नाभिकों में विभाजित हो जाते है, जिससे बड़ी मात्रा में ऊर्जा निकलती है।
- इस प्रक्रिया का उपयोग परमाणु ऊर्जा संयत्रों में बिजली उत्पादन के लिए किया जाता है।
- वर्तमान परमाणु नीति के अनुसार, परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की अनुमति नहीं है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## ट्रम्प गोल्ड कार्ड

### चर्चा में क्यों?

- अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बहुप्रतीक्षित 'गोल्ड कार्ड' वीजा कार्यक्रम शुरू किया है, जिसमें व्यक्तियों और कंपनियों को कम से कम 1 मिलियन डॉलर का निवेश करने के लिए आंमत्रित किया गया है।




### मुख्य बिन्दु:

- इसने 35 वर्ष पुराने EB-5 वीजा को प्रतिस्थापित किया।
- इसके तहत् कोई व्यक्ति अमेरिका में रेजिडेंसी और बाद में सिटिजनशिप पाने के लिए 10 लाख डॉलर (लगभग 9.01 करोड़ रुपये) का दान कर सकता है।
- कंपनियों के लिए यह राशि 20 लाख डॉलर है।
- इस योजना के तहत् अमेरिका में निवेश बढ़ेगा, जिससे नए रोजगार और आर्थिक विकास होगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्वपूर्ण बिंदु:

| क्र.सं. | फ़ीचर | गोल्ड कार्ड वीजा | EB-5 वीजा |
|---|---|---|---|
| 1. | नागरिकता मिलने का समय | तत्काल | 5 से 7 वर्ष |
| 2. | न्यूनतम निवेश | 10 लाख डॉलर (₹ 9.01 करोड़) | $ 800,000 - $1 मिलियन (₹ 7-8 करोड़) |
| 3. | ऋण की अनुमति | नहीं | हाँ |
| 4. | रोजगार की अनिवार्यता | अनिवार्य नहीं | कम से कम 10 नौकरियाँ अमेरिका नागरिक को देनी होती है। |

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# प्रोजेक्ट सनकैचर

## चर्चा में क्यों?

- गूगल ने घोषणा की है कि कंपनी ने प्रोजेक्ट सनकैचर पर कार्य करना शुरू कर दिया है। यह पहल अंतरिक्ष में सौर ऊर्जा संचालित डेटा केन्द्रों को स्थापित करने पर केन्द्रित है।



## मुख्य बिन्दु:

- **उद्देश्य:** निम्न भू-कक्षा में सौर ऊर्जा से संचालित होने वाले उपग्रहों के माध्यम से अंतरिक्ष में मशीन लर्निंग कम्प्यूटिंग की संभावनाओं का परीक्षण करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत - इटली व्यापार मंच, 2025

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, मुंबई में भारत- इटली व्यापार मंच, 2025 का आयोजन किया गया।

## मुख्य बिन्दु:

### परिणाम:

1. आर्थिक सहयोग के लिए 22वें भारत - इटली संयुक्त आयोग (JCEC) के सहमत कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर।
2. इटली - भारत संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना (2025-2029): वर्ष 2024 में घोषित यह कृत्रिम बुद्धिमता, साइबर सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, दूरसंचार, जैव प्रौद्योगिकी और गतिशीलता में सहयोग हेतु एक रोडमैप निर्धारित करती है।

### अन्य महत्वपूर्ण बिंदु:

**भारत - इटली आर्थिक सम्बन्ध :**

1. **व्यापार :** इटली, भारत का यूरोपीय संघ का $4^{th}$ सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।
2. **भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश :** वर्ष 2000 से 2025 तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में इटली 19वें स्थान पर है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## भारत का पहला हाइड्रोजन फ्यूल सेल यात्री पोत

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने वाराणसी में अपना पहला पूर्ण स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन सेल यात्री पोत लॉन्च किया, जो हरित जल परिवहन में महत्त्वपूर्ण कदम है।



### मुख्य बिन्दु:

- **निर्माण:** कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
- प्रोटोन एक्सचेंज मेब्रेन प्रौद्योगिकी पर आधारित हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रणालियाँ सेल प्रणालियाँ भारत के स्वच्छ ऊर्जा एवं हरित गतिशीलता में महत्त्वपूर्ण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती है।
- एक प्रोटोन एक्सचेंज मेब्रेन फ्यूल सेल बिना दहन को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच एक विद्युत रासायनिक प्रतिक्रिया के माध्यम से बिजली उत्पन्न करता है, जिससे यह एक स्वच्छ और कुशल ऊर्जा स्त्रोत बन जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# इसरो: भारी अमेरिकी वाणिज्यिक उपग्रह ब्लू बर्ड-6 का प्रक्षेपण

## चर्चा में क्यों?

- 15 दिसम्बर, 2025 को ISRO द्वारा LVM-3 रॉकेट से इसरो का सबसे भारी अमेरिकी वाणिज्यिक उपग्रह ब्लू बर्ड-6 लॉन्च किया जाएगा।




## मुख्य बिन्दु:

- **परिचय:** 6.5 टन वजनी एक लो अर्थ ऑर्बिट संचार उपग्रह है, जो AST स्पेसमोबाइल के अगली पीढ़ी के तारामंडल का हिस्सा है।
- **उपयोगी:** यह वैश्विक स्तर पर सीधे डिवाइस पर मोबाइल ब्रॉडबैंड पहुँचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**विशेषताएँ:**

1. पृथ्वी की लो- अर्थ ऑर्बिट में सबसे बड़ा वाणिज्यिक फ़ेज्ड ऐरे एंटीना।
2. डेटा क्षमता 10 गुना अधिक।
3. प्रत्येक उपग्रह पर 10000 मेगाहर्ट्ज तक की बैंडविड्थ प्रदान करता है।
4. स्थलीय नेटवर्क से वंचित क्षेत्रों में गैर-निरतंर प्रत्यक्ष डिवाइस कनेक्टिविटी को सक्षम बनाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजव्यवस्था

## नार्को टेस्ट: उच्चतम न्यायालय

### चर्चा में क्यों?

- उच्चतम न्यायालय ने कहा कि कोई भी जबरन या अनैच्छिक नार्को टेस्ट असंवैधानिक और अवैध रहेंगे।




### मुख्य बिन्दु:

#### नार्को टेस्ट के बारे में:

- नार्को टेस्ट एक जाँच प्रक्रिया है, जिसमें अभियुक्त को बर्बिट्यूरेट्स जैसे पदार्थों (सोडियम पेंटोथल) की एक निश्चित डोज देकर शांत किया जाता है ताकि विषय पर संकोच और तर्क करने की क्षमता को कम किया जा सके।

#### वैधानिकता:

- संविधान का अनुच्छेद-20 स्वयं के विरूद्ध साक्षी होने से संरक्षण प्रदान करता है।
- न्यायालय ने माना है कि स्वतंत्र सहमति के बिना ऐसा कोई भी परीक्षण असंवैधानिक होगा और उससे प्राप्त किसी भी जानकारी को साक्ष्य के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।
- मनोज कुमार सैनी वाद-2023 तथा विनोभाई वाद-2025 में न्यायालय ने निर्णय दिया कि ऐसे परीक्षण दोष सिद्ध नहीं करते है, लेकिन प्राप्त जानकारी जाँच में योगदान दे सकती है।


UTKARSH उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## विश्व असमानता रिपोर्ट, 2026 (WIR)

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब (विश्व असमानता प्रयोगशाला) ने विश्व असमानता रिपोर्ट, 2026 का तीसरा संस्करण जारी किया है।

### मुख्य बिन्दु:

- यह आय, सम्पत्ति, लिंग, जलवायु उत्तरदायित्व और क्षेत्रीय विभाजन के आधार पर वैश्विक असमानता को उजागर करती है।

**रिपोर्ट का भारत के संबंध में आँकलन:**

1. **आय असमानता:** शीर्ष 10% आय अर्जित करने वाले लोग राष्ट्रीय आय का असमान रूप से 58% हिस्सा रखते है, जबकि 50% आबादी केवल 15% हिस्सा रखती है।
2. **धन का संकेन्द्रण:** देश की कुल सम्पत्ति का 65% भाग 10% लोगों के पास जबकि शीर्ष 1% लोगों के पास कुल संम्पत्ति का 40% हिस्सा है।
3. **महिलाओं की श्रम शक्ति में कम भागीदारी :** भागीदारी दर; 15.7%, यह विश्व में सबसे कम दरों में से एक है।
4. **औसत वृद्धि:** प्रतिव्यक्ति औसत वार्षिक आय लगभग 62,00 यूरो (PPP) है, और औसत संम्पत्ति लगभग 28000 यूरो (PPP) है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## टर्नर पुरस्कार, 2025

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, ब्रिटिश नाइजीरियाई कलाकार ननेना कालू को वर्ष 2025 के टर्नर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



### मुख्य बिन्दु:

- **योगदान :** बेकार पड़े कपड़ो और वीडियोटेप से विशाल कोकून जैसी मूर्तियाँ बनाती है।
- **पुरस्कार की स्थापना :** वर्ष 1984 में अंग्रेजी चित्रकार J.M.W. टर्नर द्वारा।

**भारतीय पुरस्कार विजेता :**

1. **टर्नर पुरस्कार, 2024; जसलीन कौर:** भारतीय मूल की स्कॉटिश कलाकार जसलीन कौर ने अपनी प्रदर्शिनी "ऑल्टर-अल्टर' के लिए प्रदान किया गया था।
2. **टर्नर पुरस्कार, 1991; अनीश कपूर:** भारतीय मूल के ब्रिटिश कलाकार।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **इटली की कुजिन: अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर घोषित**<br>■ हाल ही में, इटली की कुजिन की यूनेस्को ने सांस्कृतिक धरोहर की मान्यता दी गई।<br>■ यह पहली बार है जब किसी देश की पूरी रसोई को 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' की सूची में शामिल किया गया है। |
| 2. | **शिवराज पाटिल : निधन**<br>■ हाल ही में, काँग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री शिवराज पाटिल का निधन हो गया।<br>■ पाटिल 7 बार लोकसभा सांसद व 10वें लोकसभा स्पीकर रह चुके हैं।<br>■ वर्ष 2008 में मुंबई आंतकी हमले के समय पाटिल गृहमंत्री थे, हमले के बाद उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। |
| 3. | **“सागरा प्राण तलमलला" रचना**<br>■ केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री ने विजयपुरम में स्वातंत्र्यवीर सावरकर द्वारा रचित कविता "सागरा प्राण तलमलला' के 115 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को संबोधित किया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR